# प्रभारी मंत्री के प्रभाव में दब न जाए संतरा बगीचा जीर्णोद्धार घोटाला

## लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज होने के बाद भी शाजापुर जिले का प्रभार मिला है चौहान को

शाजापुर। केंद्र सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत पुराने संतरा बगीचों के जीर्णोद्धार संतरा घटक संचालित जिसका उद्देश्य कम उत्पादन एवं जीर्णोद्धार बगीचों का वैज्ञानिक तकनीक से पुर्नउद्धार कर उत्पादन एवं गुणवत्ता की वृद्धि करने के लिए योजना संचालित की थी. लेकिन जिला उद्यानिकी विभाग शाजापुर ने सरकार की इस योजना को घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्याय बना दिया. फर्जी किसानों की सूची के नाम पर संतरा उद्धार योजना में जबरदस्त फर्जीवाड़ा किया. हालांकि इस मामले में जिला प्रशासन ने पांच सदस्यों की एक जांच कमेटी गठित की है, जिसे सात दिन में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपना थी, लेकिन आज 20 दिन बाद भी ये जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है. वहीं दूसरी ओर उद्यानिकी विभाग के विभागीय मंत्र ी और शाजापुर जिले के प्रभारी नारायण सिंह कुशवाह का झूठ भी उजागर हो गया, जिसमें उन्होंने कहा था ऐसी कोई योजना न संचालित हुई है और न पैसे निकाले गए हैं. कहीं ऐसा न हो कि प्रभारी मंत्री के दबाव में यह फर्जीवाड़ा दब जाए और जांच रिपोर्ट भी ठंडे बस्ते में चली जाए.

गौरतलब है कि जिला उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी मनीष चौहान भ्रष्टाचार घोटाले के मास्टर माइंड लंबे समय से हैं. उन्होंने मंदसौर में भी उपकरण खरीदी में घोटाला किया, जिनके ऊपर लोकायुक्त उज्जैन द्वारा प्रकरण कायम भी किया गया. लेकिन उन्हें हटाने के बजाय शाजापुर जिले में प्रभारी बनाकर भेज दिया, ताकि वे नए जिले में नया घोटाला कर सकें. इस मामले में प्रभारी मंत्री का झूठ कहीं न कहीं जिले के प्रभारी अधिकारी मनीष चौहान के भ्रष्टाचार और घोटाले को संबल प्रदान कर रहा है. अब देखना यह है कि इस मामले के लिए गठित जांच दल कितनी निष्पक्षता से जांच कर इस घोटाले को उजागर करता है.

### प्रभारी मंत्री के दबाव में दफन न हो जाए घोटाले की जांच...

शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री और मप्र उद्यानिकी विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह . लगता है इस घोटाले को उजागर करने के बजाय अधिकारी को बचाने में लगे हैं . क्योंकि उन्होंने पिछले दिनों प्रेस वार्ता में कहा था कि संतरा बगीचा जीर्णोद्धार जैसी कोई योजना न तो संचालित हो रही है, न ही किसानों के नाम पर दी गई राशि का पोर्टल पर कोई उल्लेख है . तो सवाल यह उठता है कि यदि प्रभारी मंत्री को या तो जानकारी नहीं है या फिर वे खुद इस घोटाले को दबाने में लगे हुए हैं . अब देखना यह है कि लगभग 3 करोड़ का यह फर्जीवाड़ा उजागर होता है या जांच के नाम पर दफन हो जाएगा . इस मामले में प्रभारी मंत्री के दबाव में यदि घोटाले की जांच किसी निष्कर्ष पर नहीं निकली, तो ये भ्रष्टाचार फर्जीवाड़े और घोटाले का नया उदाहरण पेश करेगा .

### ऊपर तक मामला सेट है इसलिए कुछ नहीं होगा

जिला उद्यानिकी अधिकारी मनीष चौहान इस घोटाले के बाद इतने निश्चिंत हैं कि उन्हें पता है कि ऊपर तक पूरा मामला सेट है, इसलिए उन पर इस घोटाले को लेकर कोई कार्यवाही नहीं होगी . यदि ये सच है तो आने वाले समय में मनीष चौहान के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है, तो ये माना जाएगा कि इस घोटाले की मलाई ऊपर तक बटी हैं . यही कारण है कि सब लोग इस मामले को दबाने में लगे हैं .

### लोकायुक्त में प्रकरण के बाद भी कैसे मिला जिल...?

मंदसौर में यंत्र खरीदी के मामले में 4 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े में जिला उद्यानिकी अधिकारी मनीष चौहान के खिलाफ उज्जैन लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज है . लेकिन उसके बाद भी उन्हें मैदानी इलाकों से हटाने के बजाय शाजापुर जिला उद्यानिकी विभाग का प्रभार दे दिया . जबकि जिस अधिकारी की लोकायुक्त में जांच या प्रकरण पंजीबद्ध हो, तो उन्हें मैदानी इलाकों से हटा दिया जाता है . वहीं दूसरी ओर लोकायुक्त की जांच भी कछुए की चाल से चल रही है . आज तीन साल बाद भी इस मामले में उज्जैन लोकायुक्त प्रकरण पंजीबद्ध कर न तो पूरी जांच कर पाया और न ही इसका चालान पेश कर पाया . अब देखना यह है कि लोकायुक्त इस मामले में आगे की जांच कितने दिनों में कितनी तेजी से करता है .

## एक नजर में

### शांति समिति की बैठक आयोजित



**सोयतकलां, 24 फरवरी .** पुलिस थाना सोयतकला में आगामी त्यौहार होली, रगपंचमी, रमजान, ईद और रामनवमी को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई . बैठक में एसडीएम सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा, सीएमओ मनोज नामदेव, पुष्कर राज सिंह जादौन, बिजली कंपनी से मनोज आदि शामिल हुए . बैठक में आगामी त्यौहार सौहार्द के साथ मनाने, विद्युत तारों के नीचे होलिका दहन न करने, सूखी होली खेलने व पानी बचाने, बच्चों को नदी, तालाब में नहीं जाने देने, शीतला माता मंदिर व नदी पर पुलिस ड्यूटी लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई . थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने बताया कि त्यौहार पर हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी की जाएगी .

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



**सोयतकलां, 24 फरवरी .** थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदौर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सालियाखेड़ी बस स्टैंड के पास सोमवार रात सड़क हादसा हो गया . कोटा की ओर से आ रहे एक आयशर वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया . हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई . ग्रामीणों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई . सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची . पैरामेडिकल स्टाफ मुकेश दांगी और पायलट रमेश सेन ने ग्रामीणों की मदद से घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सोयतकला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया . प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार पवन दांगी, निवासी लक्ष्मणपुर जीरापुर के समीप का बताया जा रहा है . घटना की सूचना के बाद सोयतकला थाना प्रभारी ने थाने के समीप नाकाबंदी कर आयशर वाहन को पकड़ लिया . पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है .

### पोस्टर निर्माण में चांदनी प्रथम




**शाजापुर, 24 फरवरी .** किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में 24 फरवरी मंगलवार को इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने सहभागिता की . पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में चांदनी राजपूत प्रथम, अक्शा शेख द्वितीय एवं जया गोस्वामी तृतीय स्थान पर रहीं . विजेता छात्राओं को कार्यक्रम आयोजित कर प्रमाण-पत्र एवं दीवार घड़ी भेंट की गई . कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ . पी . मूंदड़ा ने की . इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सुश्री सोनू कनेश, यतीश धाकड़, डॉ . संदीप कुमार सिंह, डॉ . कपिल जाटव, श्रीमती दीपिका गुप्ता, महाविद्यालय स्टाफएवं छात्राएं उपस्थित रहीं . संचालन एवं आभार प्रदर्शन इको क्लब प्रभारी डॉ . रितेश महाडिक ने किया .

### जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार को मिला नागरिकों का उत्साहपूर्ण समर्थन

**शाजापुर, 24 फरवरी .** शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाएं जाने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा पुरानी नगर पालिका परिषद शाजापुर के सामने आयोजित जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ . इस आयोजन को आम नागरिकों का अत्यंत सकारात्मक एवं उत्साहजनक सहयोग प्राप्त हुआ . उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि इस बाजार में स्थानीय किसानों द्वारा जैविक, प्राकृतिक रूप से उत्पादित सब्जियां, फल, अनाज, दालें, मसाले तथा अन्य कृषि उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध कराए गए . आम नागरिकों ने रसायन मुक्त एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई तथा बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए उपस्थिति दर्ज की गई . आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद लेकर आए किसानों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ . किसानों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होता है तथा जैविक, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलता है . जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार ने नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सुरक्षित खाद्य पदार्थों के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई . जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने इस सफल आयोजन के लिए आम नागरिकों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है .

## आपसी विवाद में दो घायल, पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**शाजापुर, 24 फरवरी.** शाजापुर जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र के मोलटा गांव में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे आपसी विवाद के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया, सूचना मिलने पर सुनेरा पुलिस ने डायल 112 की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे उपचार दिया गया, घायल व्यक्ति की पहचान रामचंद्र के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार विवाद में एक और व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली थी, हालांकि वह जिला अस्पताल नहीं पहुंचा, सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने जानकारी दी कि इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष ने कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है.

## होली के रंग से नहीं, रंग बदलने वालों से बचें...

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

आज के परिप्रेक्ष्य में जीवन उनका ही रंगीन है, जो पल-पल रंग बदलना जानते हैं. आने वाले समय में होली का त्यौहार आने वाला है. लोग होली के रंग से नहीं, रंग बदलने वाले उन लोगों से बचें, जिन्होंने रंग बदलने में गिरगिट को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है. शाजापुर की राजनीति में रंग बदलने वालों की प्रजाति दिन दोगुनी रात चौगुनी प्रगति पर है. शहर का अगर मिजाज देखें, तो यहां हर नेता दूसरे नेता के सुख से परेशान है. और उसके सुख में ही दूसरों का दुख निहित है. शाजापुर की राजनीति में बीते एक दशक में ऐसे नेताओं का पदार्पण हुआ है, जो रंग बदलने, समय-समय पर पाला बदलने, समय-समय पर राजनीतिक आकाओं को बदलने, पुराने आका की कमियां उजागर करने और बुराई करने, नए आका की शान में कसीदे पढ़ने के वायरस से संक्रमित हैं. शहर में एक दर्जन से अधिक ऐसे नेता हैं, जो समय-समय पर रंग बदलकर अपनी राजनीति में चर्चा में रहते हैं. इसलिए होली पर रंगों से नहीं, सार्वजनिक जीवन में रंग बदलने वालों से बचें.

**देवरानी, जेठानी और ननद जैसे हो गए हैं राजनीतिक रिश्ते...**

राजनीति में गुटबाजी चरम पर है और चमचों की भरमार है. हर नेता के अपने चमचे हैं और उन चमचों के भी अपने चमचे हैं. राजनीति में सीआईसी याने चमचा इन चीफ की मानो प्रतियोगिता चल रही हो. इस चमचागिरी के चक्कर में राजनीति में रिश्ते देवरानी, जेठानी और ननद जैसे हो चले हैं. चाहे कांग्रेस हो या भाजपा. दोनों ही दलों में देवरानी, जेठानी और ननद जैसे हालात समय-समय पर देखने को मिलते हैं. भाजपा में इन दिनों राजनीतिक झगड़े चरम पर हैं. देवरानी और जेठानी के झगड़ों के कारण देवर रूपी आम कार्यकर्ता परेशान हैं. हालांकि इन झगड़ों की कुछ हद तक वजह वे असंतुष्ट नेता हैं, जो ननंद का रूप ले चुकी हैं. तो वहीं कुछ हरिराम भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. राजनीति की देवरानी-जेठानी को संगठन रूपी ससुर का भी डर नहीं है. आने वाले समय में राजनीतिक दलों में देवरानी-जेठानी जैसे झगड़ों में इजाफा होने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि हर देवर रूपी कार्यकर्ता पद की अभिलाषा में गुटबाजी का शिकार हो रहा है.

**अब तबादले की आने वाली है बाढ़**

शाजापुर जिले में अब कई वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले की बेला शुरू होने वाली है. मार्च के महीने में शाजापुर जिले से कई बड़े अधिकारी इधर से उधर हो सकते हैं. लेकिन वे लोग संतुष्ट हैं, जो न्यायालय के स्टे को कुंडली मारकर कुर्सी पर जमे हैं. अब देखना यह है कि न्यायालय के स्टे से जो लोग मलाई की कुर्सी पर जमे हैं, उनके स्टे का निराकरण होता है या फिर वे न्यायालय का स्टे दिखा-दिखाकर यहीं से सेवानिवृत्त होंगे. न्यायालय के स्टे से एक फायदा है कि न तो वे किसी नेता को झेल रहे हैं और न ही किसी अधिकारी को. नेता भी न्यायालय के स्टे को देखकर मन मसोसकर चुप हो जाते हैं.

**अंत में...**

राजनीति में अब दौड़ लग रही है, चमचों की संख्या रोज बढ़ रही है. इन पतीले रूपी नेताओं को नहीं मालूम है कि इन्हें खाली करने के लिए चमचों में कितनी होड़ लग रही है.

## डिजिटल क्रॉप सर्वे : जिले में रबी फसलीय गिरदावरी का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण

**सोयतकलां 24 फरवरी. रबी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आगर मालवा जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य तेज गति से प्रगति पर है. कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है. जिले में 2,72,791.845 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 2,61,177.607 हे. से अधिक क्षेत्र में गिरदावरी पूर्ण की जा चुकी है.**

अधीक्षक भू अभिलेख प्रीति चौहान ने बताया कि तहसील सुसनेर 42,300.629 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 41,958.201 हेक्टेयर में गिरदावरी कर 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है. इसी तरह तहसील सोयतकलां में 24,941.299 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 24,051.009 हेक्टेयर में गिरदावरी कर 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण, तहसील बड़ौद में 73,332.742 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 70,064.781 हेक्टेयर में गिरदावरी कर 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण, तहसील आगर 72,027.27 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 68,187.19 हे. में गिरदावरी कर 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण और तहसील नलखेड़ा 60,189.905 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 56,916.426 हे. में गिरदावरी कर 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया.

## रजक समाज आज निकालेगा चल समारोह

**शाजापुर, 24 फरवरी. अखिल भारतीय धोबी महासंघ की शाजापुर इकाई द्वारा अपने आराध्य देव संतश्री गाडगे महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आज बुधवार को धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.**

मुख्य कार्यक्रम वजीरपुरा स्थित रजक समाज धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा. यहां आराध्य संत श्री गाडगे महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात विशाल कलश-शोभायात्रा निकाली जाएगी. जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन: धर्मशाला पहुंचेगी. समाज के अध्यक्ष सुनील देवतवाल सहित अन्य समाजजनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

## पूर्व पार्षद लक्ष्मी बाई पटेल का निधन



**मक्सी, 24 फरवरी. नगर की वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस की पूर्व पार्षद श्रीमती लक्ष्मीबाई पटेल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया. उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है.**

स्व.श्रीमती पटेल मक्सी नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंदरसिंह पटेल की धर्मपत्नी, वीरेंद्रसिंह गुर्जर गुड्डू, डॉ.नरेंद्रसिंह गुर्जर की माताजी तथा उमेश, मयंक, मोहक की दादीजी थी. वे सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी रहीं. उनके निधन का समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता, मीडिया जगत के लोग, रिश्तेदारों एवं नगरवासियों ने शोक संवेदना व्यक्त करने एबी रोड पुलिस थाने के सामने स्थित उनके निवास पहुंचे. मक्सी मुक्तिधाम पर आयोजित अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. नगर के विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है. शोकसभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार शरद रावल ने किया.

## युवाओं को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ने का सशक्त माध्यम

**शुजालपुर, 24 फरवरी. शा. नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विशेष सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत कमलिया में किया गया. शिविर में शिशु मंदिर शुजालपुर मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं को भी सहभागिता का अवसर प्रदान किया गया.**




उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की. मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना रहे. विशेष अतिथि प्रो. बी के त्यागी, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ स्वयंसेवक जितेन्द्र पंवार एवं ग्राम सरपंच हुकुम सिंह परमार उपस्थित रहे. अतिथियों का परिचय गोलू खन्ना ने दिया तथा स्वागत शिविर संचालक देवेंद्र कुंभकार, प्रीतम सिंह परमार, प्रवीण कुमार नागजी, मनीष सिसोदिया और संतोष सोलंकी ने किया. राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शिविर की रूपरेखा की जानकारी जितेन्द्र पंवार ने प्रस्तुत की. मुख्य अतिथि आलोक खन्ना ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है. प्रो. बी के त्यागी ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे सात दिनों तक ग्रामवासियों के बीच रहकर स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर सकारात्मक संदेश दें. अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ समाज से जुड़कर राष्ट्र सेवा करना विद्यार्थियों के लिए गौरव का अवसर है, जो उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है. इस अवसर पर प्रो. प्रवीणा धारीवाल, शिशु मंदिर प्राचार्य विनोद कुमार चंद्रवंशी, सुनील जैन, डॉ. तुषार यादव, डॉ. सुनील मेवाड़ा, डॉ. बी एल चोरड़िया, उमेश पांडेय, जयेश मालवीय, ओमप्रकाश परमार सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे. संचालन नेहा सिसौदिया व राधिका राठौर ने किया. शिविर नायक का दायित्व मनोहर सिंह तथा नायिका का दायित्व शिवानी कुशवाहा को सौंपा गया,आभार योगेंद्र सिंह चौहान ने माना.

## एक नजर में

### जनगणना कार्य के लिए चार्ज ऑफिसरों का दिया गया प्रशिक्षण

# डिजिटल माध्यम से ही होगा जनगणना का पूरा काम

**शाजापुर, 24 फरवरी. जनगणना का पूरा काम डिजिटल माध्यम से ही होगा, जनगणना दो चरणों में होगी. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में जनगणना कार्य के लिए जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया, जिसके तहत प्रथम दिवस चार्ज ऑफिसरों को प्रशिक्षण दिया गया.**



कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री बाफना ने बताया कि जनगणना का समस्त कार्य डिजिटल माध्यम से ही किया जाएगा एवं इस पूरे कार्य में डिजिटल दक्षता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी चार्ज अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण लें. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने सभी नागरिकों से कि फील्ड अधिकारियों को सही जानकारियां देंने में घबराएं नही,जनगणना कार्य के दौरान नागरिकगण अपनी सही-सही जानकारी फील्ड अधिकारी को दें. इस कार्य से किसी भी व्यक्ति का नाम शासकीय योजनाओं से नहीं काटा जाएगा. इसलिए सही जानकारी देने में संकोच नहीं करें. उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 कार्य सही डाटा एकत्रित करने व योजनाओं को बनाने के लिए किया जा रहा हैं.कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाउस लिस्टिंग के दौरान कोई भी मकान, भवन या ढांचा छूटना नहीं चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनगणना करते समय सही सही जानकारी दर्ज करें. किसी भी स्थिति में गलत जानकारी नहीं भरें.

### प्रत्येक भवन को क्रम से नंबरिंग प्रदान की जाएगी

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बताया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र की जाएगी . प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें आवास की स्थितिए उपलब्ध सुविधाएं, धारित परिसंपत्ति तथा अन्य संबंधित जानकारी शामिल है . यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है . सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें . एचएलओ में केवल सामान्य परिवार तथा संस्थागत परिवार को ही शामिल किया जाएगा . प्रत्येक भवन जनगणना मकान को क्रम से नम्बरिंग प्रदान की जाएगी . इस दौरान अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदर व गुलाना आलोक वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंकिता पाटकर, संजय त्रिपाठी, मास्टर ट्रेनर, चार्ज अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे .

### 2011 में हुई थी पिछली जनगणना...

जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश से उपसंचालक व उज्जैन संभाग जनगणना प्रभारी राजेश मौर्य एवं जनगणना प्रभारी अधिकारी शाजापुर मिलेन्द्र देशपांडेय द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में चार्ज ऑफिसरों को प्रशिक्षण दिया . प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि जनगणना वर्ष 1872 से 16वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी, पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी . जनगणना दो चरणों में होगी . प्रथम चरण 01 मई से 30 मई जिसमें मकान सूचीकरण और मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी . साथ ही उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य निर्धारित सीमा समय पर किया जाता है, अत: समय सीमा में किसी भी प्रकार का विस्तार व परिवर्तन संभव नहीं है . उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य का प्रथम चरण 01 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के रूप में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस किया जाएगा . यह कार्य पूर्णत: एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा . प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, ऐप का उपयोग एवं प्रगणक के कार्य आदि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया .

## तिल फसल से अतिरिक्त आय का सशक्त अवसर

**सोयतकलां, 24 फरवरी.** जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों की आय वृद्धि हेतु तीसरी जायद तिल फ्सल को प्रोत्साहित किया जा रहा है. जिले में 2640 कृषकों द्वारा 1880 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन तिल फ्सल बोई जा रही है. इसके लिये मैदानी अमले द्वारा सिंचाई साधनों की उपलब्धता के आधार पर पात्र कृषकों का चयन किया गया है. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विजय चौरसिया ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत प्रति एकड़ फ्सल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषकों आदान सामग्री कीट उपलब्ध कराई जा रही है. ग्रीष्मकालीन तिल फसल हेतु बीज की व्यवस्था राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर से की गई है, बीज प्रमाणित एवं गुणवत्ता पूर्ण है. तिल फ्सल 80 से 90 दिन में उत्पादन प्राप्त होगा, जिसकी उत्पादकता प्रति हैक्टयर 10 क्विंटल प्राप्त होगी, जिसका बाजार मूल्य वर्तमान में 12000 प्रति क्विंटल हैं. जिससे ग्रीष्मकालीन तीसरी जायद तिल फ्सल लेने से प्रति हैक्टयर 42000 आय अतिरिक्त प्राप्त होगी. जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. जिला एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ होगी.